**Directions (1-10):** नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत में कई दशकों में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि देखी गई है। 2017 की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 1990 से 2016 के बीच भारत में कैंसर का बोझ 2.6 गुना बढ़ गया और समय के साथ कैंसर के कारण होने वाली मौतों में दोगुनी वृद्धि हुई। कैंसर के इन मामलों में से लगभग दो-तिहाई अपने अंतिम चरण में हैं । पुरुषों में, फेफड़े का कैंसर, ओरल कैविटी , स्टमक कैंसर सामान्य हैं जबकि महिलाओं में, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय और पित्ताशय के कैंसर समान्य हैं । कैंसर रोगों का एक समूह है जिसमें शरीर के भागों में आक्रमण करने या फैलने की क्षमता के साथ असामान्य कोशिका वृद्धि होती है। इसके संभावित संकेतों और लक्षणों में एक गांठ, असामान्य रक्तस्राव, लंबे समय तक खांसी, अस्पष्टीकृत वजन का घटना सम्मिलित है। हालांकि ये लक्षण कैंसर का संकेत देते हैं, परन्तु ये अन्य कारण से भी हो सकते हैं। 100 से अधिक प्रकार के कैंसर मनुष्यों को प्रभावित करते हैं। तम्बाकू के उपयोग से होने वाला कैंसर लगभग 22 %से 25 % मृत्यु का कारण है। 10% कैंसर की मृत्यु मोटापा, खराब आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी या शराब के अत्यधिक सेवन के कारण होते हैं। अन्य कारकों में कुछ संक्रमण यथा आयनित विकिरण और पर्यावरण प्रदूषकों के संपर्क सम्मिलित हैं। कैंसर के सामाजिक कलंक बन जाने के कारण प्रारम्भ में मरीज इसे छुपाते हैं। बेहतर जागरूकता से बीमारी से जुड़े कलंक को भी रोका जा सकता है। टीकाकरण तथा प्रारम्भिक जांच के माध्यम से प्रारम्भिक पहचान होनी अत्यंत आवश्यक है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति मृत्यु के पूर्व अत्यंत गंभीर मनःस्थिति से गुजरता है तथा उसका सम्पूर्ण परिवार संकटो का सामना करता है। बड़े पैमाने पर प्रभाव के लिए जनसंख्या स्वास्थ्य दृष्टिकोण भी प्रासंगिक है। प्रोग्रामेटिक और नीति-स्तरीय समाधानों को डेटा द्वारा संचालित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी का उपयोग स्क्रीनिंग, प्रारंभिक पहचान, रेफरल, उपचार और उपशामक देखभाल सेवाओं की बेहतर पहुंच की वकालत करने के लिए वर्षों से प्रभावी रूप से किया गया है। आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत, स्वच्छ भारत अभियान, पोशन अभियान और प्रधानमंत्री भारतीय जनधन योजना जैसे सरकारी कार्यक्रम और एफएसएसएआई की नई लेबलिंग और प्रदर्शन विनियम और दवा मूल्य नियंत्रण जैसी पहल अंतर-क्षेत्रीय और बहु-क्षेत्रीय कार्रवाई को प्रोत्साहित कर सकती हैं। अन्य पहल जैसे कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम और कैंसर के रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक भी प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। देश में कैंसर अनुसंधान को बेहतर करने की आवश्यकता है जो कैंसर की रोकथाम और नियंत्रण पर हमारे प्रयासों का मार्गदर्शन करने के लिए महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य नीति तथा अन्य योजनाओं में कैंसर हेतु लक्षित उपाय करना आवश्यक है। भारत 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों के हिस्से के रूप में कैंसर से होने वाली मृत्यु में एक तिहाई की कमी लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसने काफी प्रगति की है। भारत में कुछ क्षेत्रों में सुधार हुआ है, जैसे कि व्यक्तिगत स्वच्छता, जो कैंसर को दूर करने में सहायक होगा। हमारा दृष्टिकोण केवल निदान, उपचार के तौर-तरीकों और टीकों पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, बल्कि समान समाधानों के लिए सोच और कार्रवाई में समावेशिता पर जोर देना चाहिए जो देश में सभी सामाजिक आर्थिक स्तरों पर कैंसर के प्रभाव को काफी कम कर सकता है।

**Q1.** गद्यांश के अनुसार, देश में हुए किस सुधार के कारण कैंसर को दूर करने में सहायता मिलेगी?
(a) जागरूकता अभियान
(b) आर्थिक सुधार
(c) व्यक्तिगत स्वच्छता
(d) जनसंपर्क अभियान
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2.** गद्यांश के अनुसार, कैंसर की रोकथाम और नियंत्रण पर प्रयासों का मार्गदर्शन करने हेतु किसे बेहतर करने की आवश्यकता है?
(a) स्वास्थ्य मंत्रालय
(b) कैंसर अनुसंधान
(c) स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या
(d) स्वास्थ्य तकनीक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q3.** गद्यांश के अनुसार, कैंसर से पीड़ित व्यक्ति मृत्यु से पहले किस चीज से गुजरता है?
(a) अत्यंत गंभीर मन: स्थिति से
(b) सामाजिक बहिष्कार से
(c) पारिवारिक घृणा से
(d) स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q4.** गद्यांश के अनुसार, अगले एक दशक तक भारत कैंसर से होने वाली मृत्यु को कितना कम करने के लिए प्रतिबद्ध है?
(a) आधा
(b) चौथाई
(c) एक-तिहाई
(d) दो-तिहाई
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q5.** गद्यांश के अनुसार, पिछले दो दशकों में, कैंसर से होने वाली मौतों में कितनी वृद्धि हुई है?
(a) चार गुना
(b) दो गुना
(c) तीन गुना
(d) पांच गुना
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q6.** गद्यांश के अनुसार, कैंसर होने के आरंभिक समय में मरीज इस बीमारी को लोगों से छुपाते क्यों हैं?
(a) आर्थिक हालत खराब होने के कारण
(b) जीवन में उथल-पुथल मचने से बचने के कारण
(c) कैंसर के सामाजिक कलंक बन जाने के कारण
(d) कैंसर को गंभीरता से न लेने के कारण
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q7.** गद्यांश के अनुसार, महिलाओं में कौन सा कैंसर होना सामान्य है?
(a) फेफड़े का कैंसर
(b) पित्ताशय का कैंसर
(c) स्टमक कैंसर
(d) ओरल कैविटी कैंसर
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q8.** गद्यांश के अनुसार, विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और दवा मूल्य नियंत्रण जैसी पहल किसे प्रोत्साहित कर सकती हैं?
(a) अंतर-क्षेत्रीय कार्यवाई
(b) बहु-क्षेत्रीय कार्रवाई
(c) a और b दोनों
(d) ग्रामीण परिवेश
(e) a, b और c तीनों

**Q9.** गद्यांश के अनुसार, कैंसर के सन्दर्भ में कौन सा कथन असत्य है?
(a) कैंसर रोगों का एक समूह है
(b) कैंसर के मामलों में से लगभग दो-तिहाई अपने अंतिम चरण में हैं
(c) 100 से अधिक प्रकार के कैंसर मनुष्यों को प्रभावित करते हैं।
(d) कैंसर में सामान्य कोशिका वृद्धि होती है
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q10.** गद्यांश के अनुसार, कैंसर के संभावित लक्षणों में क्या सम्मिलित है?
(a) एक गांठ बनना
(b) असामान्य रक्तस्राव होना
(c) a, b , d और e चारों
(d) अस्पष्टीकृत वजन का
(e) लंबे समय तक खांसी का आना

**Directions (11-15):** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक लघु गद्यांश दिया है उसमे चार रिक्त स्थान छूटे हुए हैं और उसके पांच विकल्प सुझाए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में रिक्त स्थानों में उचित शब्दों को क्रमबद्ध कीजिए ताकि एक अर्थपूर्ण गद्यांश बन जाये। गद्यांश के अनुसार शब्दों के सही क्रम का चयन कर उचित विकल्प को चिन्हित कीजिए।

**Q11.** वनों से हमें विभिन्न प्रकार की ________ मिलती हैं, गोंद तथा शहद मिलता है तथा विभिन्न प्रकार की ________मिलती है।
(a) शांति, तृप्ति
(b) आत्मीयता, संक्रिया
(c) लकड़ियां, औषधि
(d) सामग्री, प्रकृति
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q12.** प्रौद्योगिकी में हम उन ______ विधियों का उल्लेख करते हैं जिनसे विज्ञान को मानव सेवा के लिए _______ किया जा सके।
(a) सहज, संयोजित
(b) अनगिनत, प्रयुक्त
(c) सूक्ष्म, संयुक्त
(d) प्राचीन, प्रस्तुत
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q13.** कश्मीर में हालात _______ बनाने के लिए उच्चतम न्यायलय के कदम से यह उम्मीद बंधती है कि घाटी के जिलों में ________ जल्द पटरी पर लौटेगा।
(a) परिमार्जित, शांति
(b) परिष्कृत, राजनीति
(c) उत्कृष्ट, पर्यावरण
(d) सामान्य, जनजीवन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q14.** आज हम एक स्वतंत्र राष्ट्र की स्थिति पा चुके हैं, राष्ट्र की ______विशेषताओं में दो हमारे पास हैं, भौगोलिक _______ और सांस्कृतिक एकता।
(a) अनावश्यक, स्थिति
(b) अनिवार्य, अखंडता
(c) प्रमुख, विविधता
(d) पारिभाषिक, संकल्पना
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q15.** भारतीय संविधान में स्वास्थ्य के _______ का उल्लेख नहीं किया गया है लेकिन स्वास्थ्य मानव जीवन का सबसे ________ पहलू बना हुआ है।
(a) परिष्कार, संवेदनशील
(b) अधिकार, महत्वपूर्ण
(c) संयोजन, भयावह
(d) संकलन, संश्लेषित
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (16-20):** नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बांटा गया है जिन्हें (A), (B), (C), (D) विकल्प दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्य के किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई अन्य त्रुटी तो नहीं है। त्रुटी अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि वाक्य त्रुटी रहित है तो उत्तर के रूप में त्रुटिरहित अर्थात भाग (E) का चयन कीजिए।

**Q16.**पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर(A)/ हालात की गंभीरता से (B)/देखते हुए भारत ने अब टैंकों और (C)/ बख्तरबंद वाहनों की तैनाती कर दी है। (D)/ त्रुटिरहित (E)
(a) A
(b) C
(c) B
(d) D
(e) E

**Q17.** जन-कल्याण से संबंधित योजनाओं की (A)/ घोषणा और उस पर अमल को लेकर (B)/ सरकारें कितनी गंभीर रही हैं, (C)/ इसके उदहारण अक्सर सामने आते रहे हैं।(D)/ त्रुटिरहित (E)
(a) C
(b) D
(c) B
(d) E
(e) A

**Q18.** मानव जाति की सेवा के लिए (A)/ स्वामी विवेकानंद ने लगातार कार्य किये (B)/ इसलिए भारत के लिए उन्हें (C) / एक देशभक्त संत के रूप में देखा जाता है। (D)/ त्रुटीरहित (E)
(a) A
(b) B
(c) E
(d) D
(e) C

**Q19.**समय रहते ऐसे कदम उठाया जाने चाहिए, (A)/ जिससे व्यक्तियों के आचार-विचार और (B)/ व्यवहार में सकारात्मक सोच लाते हुए (C)/ उन्हें उच्च स्तरीय संस्कारों से परिपूर्ण किया जाए। (D)/ त्रुटिरहित (E)
(a) D
(b) E
(c) A
(d) B
(e) C

**Q20.** धन निश्चित रूप से आपके भीतर (A)/ प्रतिभा को बढ़ाने और विकसित करने में (B)/ मदद कर सकता है लेकिन आप प्रतिभा या (C)/ कौशल को खरीदने में सक्षम नहीं होंगे। (D)/ त्रुटीरहित (E)
(a) A
(b) B
(c) E
(d) D
(e) C

**Directions (21-25):** निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए अनुच्छेदों के पहले और अन्तिम वाक्यों को क्रमशः (1) और (6) की संज्ञा दी गई है। इनके मध्यवर्ती वाक्यों को चार भागों में बाँटकर य, र, ल, व की संज्ञा दी गई है। ये चारों वाक्य व्यवस्थित क्रम में नहीं है। इन्हें ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से उचित क्रम चुनिए, जिससे सही अनुच्छेद का निर्माण हो।

**Q21.** (1) हमारी कसौटी पर वह साहित्य
(य) जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश हो, जो हम में
(र) खरा उतरेगा, जिसमें उच्च चिंतन हो,
(ल) गति, संघर्ष और बेचैनी पैदा करे, सुलाए नहीं,
(व) स्वाधीनता का भाव हो, सौन्दर्य का सार हो,
(6) सोना मृत्यु का लक्षण है।
(a) र य व ल
(b) र व य ल
(c) य व र ल
(d) र ल य व
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q22.** ऋतुराज वसंत
(य) मुखरित पुष्पों से अपने को सजाकर
(र) के आगमन पर
(ल) लताएं नव वधु के समान
(व) प्रकृति में एक नवीन चेतना दिखाई देने लगती है।
(6) वसंत का हार्दिक अभिनन्दन करती है।
(a) य ल र व
(b) ल र य व
(c) र व ल य
(d) र ल य व
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q23.** (1) प्राचीन ऋषि-मुनियों ने व्यायाम और योगासन पर बहुत बल दिया है।
(य) स्वयं ऋषि-मुनियों ने किया
(र) इन योगासनों के लाभ का व्यावहारिक अनुभव
(ल) और उस ज्ञान को मौखिक
(व) उन्होंने प्राणायाम और योग के अनेक आसन बताए हैं।
(6) तथा लिखित रूप में मनुष्य को दिया है।
(a) व र य ल
(b) य ल व र
(c) ल य र व
(d) य र ल व
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q24.** (1) अगर पत्थर की मूर्ति
(य) क्योंकि पहाड़ का आकार-प्रकार मूर्ति से
(र) तो पहाड़ की पूजा अवश्य करनी चाहिए
(ल) कहीं बहुत अधिक है जिससे
(व) की पूजा करने से ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है
(6) अधिक रूप में ईश्वर का दर्शन भी होगा।
(a) र य ल व
(b) ल व र य
(c) ल र व य
(d) व र य ल
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q25.** देश में अनुशासन की पुनः स्थापना हेतु
(य) का थोडा-बहुत समावेश
(र) यह आवश्यक है कि हमारी शिक्षा-व्यवस्था में
(ल) अवश्य किया जाए
(व) नैतिक और चरित्रिक शिक्षा
(6) ताकि छात्रों को कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य का ज्ञान हो सके।
(a) य र ल व
(b) र व य ल
(c) ल व य र
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) व ल र य

**Directions (26 -30):** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के अनुसार उचित उत्तर का चयन कीजिए।

**Q26.** 'आविर्भाव' शब्द का विलोम शब्द क्या है?
(a) अर्वाचीन
(b) निरामिष
(c) यथार्थ
(d) तिरोभाव
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q27.** 'अविवाहित महिला', इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है-
(a) दुर्भगा
(b) अनूढ़ा
(c) अनामिका
(d) अप्रहत
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q28.** 'अन्धे को दीपक दिखाना' मुहावरे के सही अर्थ का चयन कीजिए।
(a) अन्धे का रास्ता रोशन करना
(b) न समझ को रोशनी देना
(c) मजाक उड़ाना
(d) अन्धे की सहायता करना
(e) न समझ को उपदेश देना

**Q29.** 'सर्प', 'मेघ', 'हरिण', किस शब्द के अनेकार्थी हैं:
(a) प्रपात
(b) नारंग
(c) शारंग
(d) सारंग
(e) षडंग

**Q30.** 'अंशुमाली' के लिए पर्यायवाची है-
(a) चन्द्रमा
(b) हाथी
(c) साँप
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) सूर्य

**Directions (31-40):** नीचे दिए गए प्रत्येक परिच्छेद में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको वह विकल्प ज्ञात करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।
पुणे के राष्ट्रीय जलवायु केन्द्र के अनुसार मानसून का _(31)_ लगातार बदल रहा है। इस केन्द्र ने 1901 से लेकर 2003 के बीच सालाना बारिश का _(32)_ किया और पाया कि कुछ इलाकों में बारिश पहले से ज्यादा तेज हो रही है और कुछ इलाकों में इसकी मात्रा कम हुई है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जुलाई और अगस्त के महीने में इलाकेवार बारिश की _(33)_ कम हुई है। मानसून के इस अतिरेकी चरित्र ने सरकार को नई योजना बनाने की तरफ मोड़ा है। अगर एक खास इलाके में मानसून ने अपना चरित्र बदला तो इसका असर वहीं तक _(34)_ नहीं रहता बल्कि ये देश के पूरी _(35)_ संरचना को प्रभावित करता है। मानसून में आये इस बदलाव से संभावित खतरे को टालने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हर साल तैयारी करता है। गंगा, ब्रह्मपुत्र और कृष्णा-गोदावरी बेसिन में बाढ़ लगभग हर वर्ष

आती है। इसी तरह विदर्भ और बुंदेलखण्ड सूखे क्षेत्र हैं। _(36)_ ऐसे इलाकों के लिए चेतावनी तंत्र जारी तो कर रहा है लेकिन उसे और ज्यादा तेज बनाने पर भी विचार चल रहा है। भारत में मानसून के कमजोर होने का कारण अलनीनो या लानीला का प्रभाव है। उष्ण कटिबंधीय प्रशांत के मध्य क्षेत्र में समुद्र के तापमान और वायुमंडलीय _(37)_ में आए बदलावों के कारण उत्पन्न घटना अलनीनो कहलाती है। इसकी खासियत यह है कि यह ज्यादा वर्षा वाले क्षेत्र में कम वर्षा एवं कम वर्षा वाले क्षेत्र में अधिक वर्षा कराती है। ला-नीना-अल-नीनों की विपरीत घटना है जो ला-नीना की स्थिति में प्रशान्त महासागर के पूर्वी तथा मध्य भाग में समुद्री सतह का तापमान असमान रूप से ठण्डा कर देती है। भारतीय मानसून को मानसूनी गर्त भी _(38)_ करता है। गर्त का अर्थ है बड़े क्षेत्र में कम दबाव का बेल्ट बनना जो कि भारत में सामान्यतः उत्तर पश्चिमी राजस्थान से बंगाल की खाड़ी तक बनता है। जब गर्त दक्षिण में फैलता है तो वर्षा अच्छी होती है, परन्तु जब यह उत्तर में _(39)_ होती है तो मानसून के समय वर्षा कम हो जाती है। मानसून के कमजोर होने के पीछे एक कारण चक्रवात है। यदि चक्रवात बंगाल की खाड़ी के आस-पास बनता है तो यह मानसून के लिये मददगार होता है पर यदि स्थिति उलट जाए तो मानसून _(40)_ हो जाता है।

**Q31.** (a) मन
(b) चरित्र
(c) विचार
(d) स्थिति
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q32.** (a) मापन
(b) अध्ययन
(c) व्यवहार
(d) प्रेक्षण
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q33.** (a) योजना
(b) चेतना
(c) समानता
(d) जागृति
(e) चर्चा

**Q34.** (a) प्रभावित
(b) सीमिति
(c) इनमें से कोई नहीं
(d) संशोधित
(e) विस्तारित

**Q35.** (a) प्राकृतिक
(b) लौकिक
(c) भौगोलिक
(d) अद्भुत
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q36.** (a) अभिकरण
(b) ध्रुवीकरण
(c) प्राधिकरण
(d) विपणन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q37.** (a) आकार
(b) क्रियान्वयन
(c) परिस्थितियों
(d) उद्भव
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q38.** (a) एकत्रित
(b) प्रभावित
(c) संयोजित
(d) निष्क्रिय
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q39.** (a) स्थानान्तरित
(b) उत्पन्न
(c) प्रवेशित
(d) प्रायोजित
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q40.** (a) बलिष्ठ
(b) उत्कृष्ट
(c) कमजोर
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) कठोर

**Directions (41-45) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। सरदार पटेल एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा आजाद भारत के पहले गृहमंत्री थे। स्वतंत्रता की लड़ाई में उनका महत्वपूर्ण योगदान था, जिसके कारण उन्हें भारत का लौह पुरुष भी कहा जाता है। 31 अक्टूबर 1875 गुजरात के नाडियाद में सरदार पटेल का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। उन के पिता का नाम झवेरभाई और माता का नाम लाडबा देवी था। सरदार पटेल अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटे और चौथे नंबर पर थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की शिक्षा का प्रमुख स्त्रोत स्वाध्याय था। उन्होंने लंदन से बैरिस्टर की पढ़ाई की और उसके बाद पुन: भारत आकर अहमदाबाद में वकालत शुरू की। सरदार पटेल ने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। सरदार पटेल द्वारा इस लड़ाई में अपना पहला योगदान खेड़ा संघर्ष में दिया गया, जब खेड़ा क्षेत्र सूखे की चपेट में था और वहां के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट देने की मांग की। जब अंग्रेज सरकार

ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया, तो सरदार पटेल, महात्मा गांधी और अन्य लोगों ने किसानों का नेतृत्व किया और उन्हें कर न देने के लिए प्ररित किया। अंत में सरकार को झुकना पड़ा और किसानों को कर में राहत दे दी गई। सरदार पटेल को सरदार नाम, बारडोली सत्याग्रह के बाद मिला, जब बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ ही जुड़ गया। आजादी के बाद ज्यादातर प्रांतीय समितियां सरदार पटेल के पक्ष में थीं। गांधी जी की इच्छा थी, इसलिए सरदार पटेल ने खुद को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से दूर रखा और जवाहर लाल नेहरू को समर्थन दिया। बाद में उन्हें उपप्रधानमंत्री और ग्रहमंत्री का पद सौंपा गया, जिसके बाद उनकी पहली प्राथमिकता देसी रियासतों को भारत में शामिल करना था। इस कार्य को उन्होंने बगैर किसी बड़े लड़ाई झगड़े के बखूबी किया। परंतु हैदराबाद के ऑपरेशन पोलो के लिए सेना भेजनी पड़ी। चूंकि भारत के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था, इसलिए उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा गया। 15 दिसंबर 1950 को भारत का उनकी मृत्यु हो गई और यह लौह पुरुष दुनिया को अलविदा कह गया।

**Q41.** गद्यांश के अनुसार, सरदार वल्लभ भाई पटेल की शिक्षा का प्रमुख स्त्रोत क्या था।
(a) अध्यापन
(b) स्वाध्याय
(c) प्रकृति
(d) नि:स्वार्थ सेवा
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q42.** गद्यांश के अनुसार, आजादी के बाद कौन सी समितियाँ सरदार पटेल के पक्ष में थीं।
(a) धार्मिक समितियाँ
(b) राजनैतिक समितियां
(c) प्रारूप समितियाँ
(d) प्रांतीय समितियां
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q43.** गद्यांश के अनुसार, सरदार पटेल ने किससे प्रेरित होकर स्वतत्रता आन्दोलन में भाग लिया?
(a) महात्मा गाँधी
(b) दादाभाई नौरोजी
(c) जवाहरलाल नेहरु
(d) लाला लाजपत राय
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q44.** गद्यांश के अनुसार, उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री बनने के बाद सरदार पटेल की प्राथमिकता में क्या था?
(a) भारत की सीमाओं को मजबूत करना
(b) देश को गरीबी मुक्त करना
(c) देसी रियासतों को भारत में शामिल करना
(d) पाकिस्तान के विरुद्ध सख्त कदम उठाना
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q45.** गद्यांश के अनुसार, खेड़ा क्षेत्र के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट क्यों मागीं थी?
(a) कर की दर अत्यधिक होने के कारण
(b) अकाल पड़ने के कारण
(c) बाढ़ आने के कारण
(d) अत्यधिक गरीबी के कारण
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (46-50). नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
जिस दिन लार्ड मैकाले का सपना पूरा और गांधी जी का सपना ध्वस्त हो जाएगा, उस दिन देश पूरे तौर पर केवल 'इंडिया' रह जाएगा। हो सकता है, समय ज़्यादा लग जाए, लेकिन अगर भारतवर्ष को एक स्वाधीन राष्ट्र बनना है, तो इन दो सपनों के बीच कभी न कभी टक्कर होना निश्चित है। जो देश भाषा में गुलाम हो, वह किसी बात में स्वाधीन नहीं होता और उसका चरित्र औपनिवेशिक बन जाता है। लार्ड मैकाले का मानना था कि जब तक संस्कृति और भाषा के स्तर पर गुलाम नहीं बनाया जाएगा, भारतवर्ष को हमेशा के लिए या पूरी तरह, गुलाम बनाना संभव नहीं होगा। लार्ड मैकाले की सोच थी कि हिंदुस्तानियों को अँग्रेज़ी भाषा के माध्यम से ही सही और व्यापक अर्थों में गुलाम बनाया जा सकता है। अंग्रेज़ी जानने वालों को नौकरी में प्रोत्साहन देने की लार्ड मैकाले की पहल के परिणामस्वरूप काँग्रेसियों के बीच में अंग्रेज़ी परस्त काँग्रेसी नेता पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में एकजुट हो गए कि अंग्रेज़ी को शासन की भाषा से हटाना नहीं है अन्यथा वर्चस्व जाता रहेगा और देश को अंग्रेज़ी की ही शैली में शासित करने की योजनाएँ भी सफल नहीं हो पाएँगी। यह ऐसे अंग्रेज़ीपरस्त काँग्रेसी नेताओं का ही काला कारनामा था कि अंग्रेज़ी को जितना बढ़ावा परतंत्रता के 200 वर्षों में मिल पाया था, उससे कई गुना अधिक महत्व तथाकथित स्वाधीनता के केवल 50 वर्षों में मिल गया और आज भी निरंतर जारी है। जबकि गांधी जी का सपना था कि अगर भारतवर्ष भाषा में एक नहीं हो सका, तो ब्रिटिश शासन के विरुद्ध स्वाधीनता संग्राम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकेगा। भारत की प्रादेशिक भाषाओं के प्रति गांधी जी का रुख उदासीनता का नहीं था। वह स्वयं गुजराती भाषी थे, किसी अंग्रेज़ीपरस्त काँग्रेसी से अंग्रेज़ी भाषा के ज्ञान में उन्नीस नहीं थे, लेकिन अंग्रेज़ों के विरुद्ध स्वाधीनता संग्राम छेड़ने के बाद अपने अनुभवों से यह ज्ञान प्राप्त किया कि अगर ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध स्वाधीनता संग्राम को पूरे देश में एक साथ आगे बढ़ाया जा सकता है, तो केवल हिंदी भाषा में, क्यों कि हिंदी कई शताब्दियों से भारत की संपर्क भाषा के रूप में चली आ रही थी। भाषा के सवाल को लेकर लार्ड मैकाले भी स्वप्नदर्शी थे, लेकिन उद्देश्य था, अंग्रेज़ी भाषा के माध्यम से गुलाम बनाना। गांधी जी स्वप्नदृष्टा थे स्वाधीनता के और इसीलिए उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित कर दिया। स्वाधीनता संग्राम में सारे देश के नागरिकों को एक साथ आंदोलित कर दिखाने का काम गांधी जी ने भाषा के माध्यम से ही पूरा किया और अहिंसा के सिद्धांत से ब्रिटिश शासन के पाँव उखाड़ दिए।

**Q46.** गद्यांश के अनुसार, किस देश का चरित्र औपनिवेशिक बन जाता है?
(a) जो भाषिक रूप से स्वतंत्र न हो
(b) जो आध्यात्मिक रूप से स्वतंत्र न हो
(c) जो भौगोलिक रूप से स्वतंत्र न हो
(d) जो राजनैतिक रूप से स्वतंत्र न हो
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q47.** गद्यांश के अनुसार, भारत को हमेशा के लिए गुलाम बनाये रखने के लिए लार्ड मैकाले किस स्तर पर लोगों को गुलाम बनाने को महत्त्व देता था?
(a) आर्थिक स्तर पर
(b) संस्कृति और भाषा के स्तर पर
(c) भौतिक स्तर पर
(d) शैक्षणिक स्तर पर
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q48.** गद्यांश के अनुसार, स्वाधीनता संग्राम में सम्पूर्ण देश के नागरिकों को एक साथ आंदोलित करने का कार्य गाँधीजी ने किसके माध्यम से किया?
(a) देशप्रेम की भावना जगाकर
(b) सद्भाव के माध्यम से
(c) भाषा के माध्यम से
(d) नागरिकों को स्वतंत्रता के स्वप्न दिखा कर
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q49.** गद्यांश के अनुसार लार्ड मैकाले अंग्रेजी का अत्यधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए अत्यधिक प्रेरित क्यों था?
(a) भारत को आधुनिक बनाने के लिए
(b) भारत को विश्व पटल पर सम्मान दिलाने के लिए
(c) शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए
(d) भारत को पराधीन बनाए रखने के लिए
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q50.** गद्यांश के अनुसार, गाँधी जी ने सम्पूर्ण भारत को एक भाषा की माला में पिरोने की वकालत क्यों की थी?
(a) सम्पूर्ण भारत को सौहार्द की स्थिति में लाने के लिए
(b) ब्रिटिश शासन के विरुद्ध स्वाधीनता संग्राम को आगे बढ़ाने के लिए
(c) अंग्रेजी का बहिष्कार करने के लिए
(d) नागरिकों को शिक्षित करने के लिए
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (51-55):** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो रिक्त स्थान छूटे हुए हैं और उसके पांच विकल्प सुझाए गए हैं। इनमें से कोई दो उन रिक्त स्थानों पर रख देने से, वह वाक्य एक अर्थपूर्ण वाक्य बन जाता है। सही शब्द ज्ञात कर उसके विकल्प को उत्तर के रूप में अंकित कीजिए, दिए गए शब्दों में से सर्वाधिक उपयुक्त शब्दों का चयन कीजिए।

**Q51.** प्रसन्नचित्तता एक निश्चित ________ में और जीवन की समस्याओं के बीच आपके _____ को पूर्ण रूप से बदल देती है।
(a) उत्सव, मन
(b) काल, स्वरूप
(c) क्रिया, अस्तित्व
(d) स्थिति, व्यक्तित्व
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q52.** अक्सर दूरदर्शन पर परिवार ______ के कार्यक्रम और विज्ञापनों को लेकर सवाल उठाये जाते हैं कि ये विज्ञापन बच्चों पर बुरा असर डाल रहे हैं, बच्चों को समय से पहले _______बना रहे हैं।
(a) कल्याण, विकृत
(b) विस्तार, बुद्धिजीवी
(c) उत्थान, किशोर
(d) नियोजन, प्रौढ़
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q53.** संसार में प्रत्येक सुंदर वस्तु उसी सीमा तक सुंदर है जिस सीमा तक वह जीवन की _______ के साथ सामंजस्य की स्थिति बनाए हुए है और प्रत्येक विरूप वस्तु उसी सीमा तक विरूप है जिस सीमा तक वह जीवन व्यापी सामंजस्य को _______ करती है।
(a) विविधता, छिन्न-भिन्न
(b) उदात्तता, विकृत
(c) पराकाष्ठा, एकत्रित
(d) उत्कृष्टता, परिवर्तित
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q54.** अपनी विरासत पर _______ करना अच्छी बात है, परन्तु आँखे बंद करके ऐसा करना उचित नहीं है, आलोचनात्मक ______ करना भी आवश्यक है।
(a) कार्य, कार्य
(b) चिंतन, संप्रेषण
(c) गर्व, समीक्षा
(d) प्रशंसा, टिप्पणी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q55.** राष्ट्र की आत्मा को ______ देने के कारण मैथलीशरण गुप्त राष्ट्र कवि कहलाये और ______ हिंदी काव्य की धारा के साथ विकास-पथ पर चलते हुए युग-प्रतिनिधि कवि स्वीकार किए गए।
(a) स्वीकृति, प्राचीन
(b) झकझोर, मध्यकालीन
(c) विस्तार, भक्तिकालीन
(d) वाणी, आधुनिक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (56-60): नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बांटा गया है जिन्हें (a), (b), (c), (d) विकल्प दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्य के किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई त्रुटी तो नहीं है। त्रुटी अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि वाक्य त्रुटी रहित है तो उत्तर (e) अर्थात 'त्रुटीरहित' दीजिए।**

**Q56.** विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक़ (A) वायु प्रदूषण एक ऐसा स्थिति है जिसमें (B) / वातावरण में इंसान और पर्यावरण को हानि (C)/ पहुंचाने वाले तत्व ज्यादा मात्रा में जमा हो जाते हैं। (D)/ त्रुटीरहित (E)

(a) A
(b) B
(c) C
(d) D
(e) E

**Q57.** कश्मीर घाटी में असंतोष (A) / को दूर करने के लिए विकास और समावेशन (B)/ के अलावा पाकिस्तान के साथ (C)/ उलझे मसले को सुलझाना होगा। (D)/ त्रुटी रहित (E)

(a) A
(b) B
(c) E
(d) D
(e) C

**Q58.** आर्थिक मोर्चे पर महिलओं को मज़बूत (A)/ बनाने के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रमों (B) / के ज़रिये महिलाओं को (C)/ आत्मनिर्भर सहने की कोशिश की जा रही है। (D)/ त्रुटीरहित (E)

(a) A
(b) B
(c) C
(d) D
(e) E

**Q59.** वित्तीय समस्या के कारण (A)/ सिंचाई, निकासी और (B)/ बाढ़ नियंत्रण क्षेत्र (C)/ बुरी तरह प्रभावित हुआ है। (D)/ त्रुटी रहित (E)

(a) D
(b) E
(c) A
(d) B
(e) C

**Q60.** स्वास्थ्य क्षेत्र में ज़्यादा निवेश (A)/ न हो पाने के कारण (B)/ भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में (C)/ डॉक्टरों की भारी मात्रा में कमी रहता है। (D)/ त्रुटीरहित (E)

(a) D
(b) B
(c) C
(d) A
(e) E

**Directions (61-65): निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए अनुच्छेदों के पहले और अन्तिम वाक्यों को क्रमशः (1) और (6) की संज्ञा दी गई है। इनके मध्यवर्ती वाक्यों को चार भागों में बाँटकर य, र, ल, व की संज्ञा दी गई है। ये चारों वाक्य व्यवस्थित क्रम में नहीं है। इन्हें ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से उचित क्रम चुनिए, जिससे सही अनुच्छेद का निर्माण हो।**

**Q61.** (1) शिव ने उल्लासातिरेक में जो उद्दाम नर्तन किया था उसे उनके शिष्य तंडु मुनि ने याद कर लिया था।
(य) रस भी अर्थ है, भाव भी अर्थ है, परन्तु तांडव में न 'रस' है, न 'भाव'।
(र) 'तांडव' अर्थात् तंडु मुनि प्रवर्तित 'रस-भाव-विवार्जित' नृत्य।
(ल) नाचने वाले का कोई उद्देश्य नहीं, मतलब नहीं, 'अर्थ' नहीं।
(व) उन्होंने जिस नृत्य का प्रवर्तन किया उसे तांडव कहा जाता है।
(6) केवल जड़ता के दुर्वार आकर्षण को छिन्न करके एकमात्र चैतन्य की अनुभूति का उल्लास।

(a) र ल य व
(b) ल य र व
(c) व य ल र
(d) व र य ल
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q62.** (1) दु:ख की श्रेणी में प्रवृत्ति के विचार से करुणा का उल्टा क्रोध है।
(य) पर करुणा जिसके प्रति उत्पन्न होती है उसकी भलाई का उद्योग किया जाता है।
(र) क्रोध जिसके प्रति उत्पन्न होता है उसकी हानि की चेष्टा की जाती है।
(ल) इस प्रकार पात्र की भलाई की उत्तेजना, दु:ख और आनन्द दोनों श्रेणियों में रखी गई है।
(व) किसी पर प्रसन्न होकर भी लोग उसकी भलाई करते हैं।
(6) लेकिन आनन्द की श्रेणी में ऐसा कोई शुद्ध मनोविकार नहीं है जो पात्र की हानि करे।

(a) र य व ल
(b) र व य ल
(c) ल व य र
(d) व य र ल
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q63.** (1) जीवन एक संघर्ष है।
(य) असहाय स्थिति में भी संघर्ष में कूदा जा सकता है।
(र) मान लिया कि आपके पास साधनों का अभाव है, लेकिन आप तो हैं।
(ल) भले ही आप कमजोर हैं, लेकिन विपदाओं से भिड़ने का, कुछ न कुछ करने का साहस तो आप में है ।
(व) इस संघर्ष में अपने आपको असहाय समझना और संघर्ष से मुँह मोड़ लेना उचित नहीं है।
(6) यही बहुत है।

(a) य व ल र
(b) र ल व य
(c) य र व ल
(d) व य र ल
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q64.** (1) फिर मैं सोचने लगा—अतीत क्या चला ही गया?
(य) मैं किसी तरह विश्वास नहीं कर सका कि अतीत एकदम उठ गया है।
(र) अपने पीछे क्या हम एक विशाल शून्य मरुभूमि छोड़ते जा रहे हैं?
(ल) कहाँ जाएगा वह?
(व) आज जो कुछ हम कर रहे हैं, कल क्या यह सब लोप हो जाएगा?
(6) मुझे क्षिप्रा की लोल तरंगों पर बैठे कालिदास स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं; अतीत कहीं गया नहीं है, वह मेरी रग-रग में सुप्त है।
(a) ल य व र
(b) र व ल य
(c) य र व ल
(d) य ल व र
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q65.** (1) राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए महाभियोग संसद द्वारा चलाया जा सकता है।
(य) प्रस्ताव की सूचना राष्ट्रपति को सदन द्वारा विचार किए जाने से 14 दिन पूर्व प्राप्त होनी चाहिये।
(र) सदन प्रस्ताव पर विचार करता है।
(ल) प्रस्ताव पर सम्बद्ध सदन के कम से कम एक चौथाई सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहियें।
(व) महाभियोग का प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में रखा जा सकता है।
(6) यदि सदन के दो-तिहाई सदस्य उस प्रस्ताव के पक्ष में मत देते हैं तो उसे पास मान लिया जाता है।
(a) व य ल र
(b) य र ल व
(c) र य व ल
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) व ल र य

**Directions (66-70): निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न के उत्तर के रूप में उचित विकल्प का चयन कीजिए**

**Q66.** 'औरस' का विलोम शब्द है-
(a) अनेकांत
(b) कापुरुष
(c) निष्कलुष
(d) दत्तक

**Q67.** निम्न में से कौन सा शब्द 'सर्प' का पर्यायवाची नहीं है-
(a) अहि
(b) विप्र
(c) व्याल
(d) काकोदर
(e) भुजंग

**Q68.** 'थोथा चना बाजे घना' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है?
(a) अधिक ज्ञान या गुण रखने वाला व्यक्ति शांत रहता है
(b) कम ज्ञान या गुण रखने वाला व्यक्ति चुपचाप रहता है
(c) अधिक ज्ञान या गुण रखने वाला व्यक्ति थोथे चने की तरह आवाज करता है
(d) कम ज्ञान या गुण रखने वाला व्यक्ति बढ़ा चढ़ा कर बातें करता है
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q69.** 'खाने का इच्छुक', इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द क्या है।
(a) अभीप्सा
(b) युयुप्सु
(c) बुभुक्षु
(d) जिगीषा
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q70.** 'सामिष' का विलोम शब्द क्या है?
(a) निरामिष
(b) संक्षेप
(c) स्थूल
(d) निषेध
(e) इनमें से कोई नहीं

**Direction (71- 80). नीचे दिए गए प्रत्येक परिच्छेद में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको वह विकल्प ज्ञात करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।**
वन किसी भी देश के मूल्यवान धन होते हैं। वृक्षों के दो महत्वपूर्ण वनस्पति कार्य हैं। वे नाइट्रोजन लेते हैं और ऑक्सीजन बाहर फेंक देते हैं। ऑक्सीजन सभी जीवो के लिए ..(71).. है। उनका दूसरा महत्वपूर्ण कार्य है कि भूमि तथा वर्षा के जल को उनकी जड़ें ..(72). करती है। जिससे भू-क्षरण तो नियंत्रित होता ही है और नदियों का जल-प्रवाह भी नियंत्रित रहता है। वनों का हमारे पर्यावरण और मानव समाज से गहरा सम्बन्ध है। भारत के जंगल देश के भौगोलिक क्षेत्र का 23% हैं। हमारे देश के वन विश्व की संपूर्ण भूमि का 1.85% स्थान घेरते हैं। वन देश की ..(73). में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी भी देश में कम से कम दो-तिहाई वन क्षेत्र होना चाहिए। परन्तु नगरीकरण, वनों के अत्यधिक दोहन और अन्धाधुंध कटाई के चलते हमारे देश में वन क्षेत्र तेजी से सिमटता जा रहा है। वनों कि लकड़ियाँ निर्धन लोगों को भोजन पकाने के लिए ईंधन के रूप में उपयोग में आती हैं। जंगल उद्योगों के लिए कच्चा माल प्रदान करते हैं। वे लोग जो जंगलों में घर बनाते हैं, वृक्ष उनके लिए लकड़ियां प्रदान करते हैं। वन से हमें प्रचुर मात्रा में फलों के साथ-साथ अनेक ..(74).. जड़ी-बूटियाँ भी प्राप्त होती हैं। इसके अतिरिक्त वन पशु-पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराते हैं। वनों से पर्यावरण में संतुलन स्थापित होता है। जहां अधिक वृक्ष होते हैं, वहाँ ..(75).. से वर्षा होती है। कागज़ उद्योग, फर्नीचर उद्योग, दियासलाई उद्योग और टिम्बर

आदि उद्योगों का आधार भी वन ही हैं। जंगलों का विनाश संपूर्ण विश्व की एक प्रमुख समस्या है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रत्येक वर्ष जंगलों का बड़ा क्षेत्र समाप्त हो रहा है। इस विनाश का प्रत्येक पर ..(76).. प्रभाव पड़ता है। जंगलों के विनाश का निष्कर्ष वर्षा की कमी और सूखे के रूप में निकलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार 25% औषधि वृक्षों से मिलती है। अब हम देश की अर्थव्यवस्था के लिए पेड़ों का महत्व समझ गए हैं। हम यह जानते हैं कि वृक्षों को व्यवस्थित रखने में हमारा ..(77).. अच्छा रहता है। अब सरकार को जंगलों को बचाने का कार्य करना है। भारत में प्रतिवर्ष लाखों पेड़ लगाए जाते हैं लेकिन उनकी देखभाल ना होने के वे कारण मर जाते हैं। अतः जनता को भी इनकी देखभाल के लिए आगे आना चाहिए। निःसंदेह वन हमारे लिए अनेक प्रकार से उपयोगी हैं। वनों से हमें विभिन्न प्रकार की लकड़ियां मिलती हैं, गोंद तथा शहद मिलता है तथा विभिन्न प्रकार की ..(78).. मिलती है। इसलिए वनों का ..(79).. और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सरकार और आम जनता, दोनों को साथ में मिलकर कार्य करना चाहिए। यदि देश का प्रत्येक नागरिक अपने ..(80).. के पास एक-एक वृक्ष लगाने का प्रयत्न करे तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश फिर से हरा-भरा होगा।

**Q71.** (a) विनाशक
(b) हानिकारक
(c) हितेषी
(d) लाभदायक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q72.** (a) प्रवाहित
(b) अवशोषित
(c) बहिष्कृत
(d) संकुचित
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q73.** (a) धार्मिकता
(b) राजनीति
(c) अर्थव्यवस्था
(d) संप्रभुता
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q74.** (a) सांसारिक
(b) जीवनोपयोगी
(c) भौतिक
(d) प्राकृतिक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q75.** (a) समय
(b) असमय
(c) विलम्ब
(d) तीव्रता
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q76.** (a) अनुकूल
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) वीभत्स
(d) सामान्य
(e) विपरीत

**Q77.** (a) व्यक्तित्व
(b) कुटुंब
(c) आध्यात्म
(d) परिवेश
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q78.** (a) अभिधा
(b) औषधि
(c) जानकारी
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) चेतना

**Q79.** (a) ह्रास
(b) संवर्धन
(c) विनाश
(d) संकुचन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q80.** (a) परिसर
(b) देश
(c) जंगल
(d) कानन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (81-90): निम्नलिखित प्रश्न राजभाषा हिंदी एवं उसकी संवैधानिक स्थिति से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

**Q81.** राजभाषा आयोग (1955) के अध्यक्ष कौन थे?
(a) जे. बी. कृपलानी
(b) बाल गंगाधर खेर
(c) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(d) मोरारजी देसी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q82.** संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत विधान मंडल में प्रयोग की जाने वाली भाषा के संबंध में प्रावधान किया गया है?
(a) अनुच्छेद 210
(b) अनुच्छेद 19
(c) अनुच्छेद 351
(d) अनुछेद 348
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q83.** संविधान के भाग-17 के चार अध्यायों में कुल कितने अनुच्छेद हैं?
(a) 6 अनुच्छेद हैं
(b) 7 अनुच्छेद हैं
(c) 8 अनुच्छेद हैं
(d) 9 अनुच्छेद हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q84.** राजभाषा अधिनियम 1963 की किस धारा के अंतर्गत आने वाले सभी कागजातों को द्विभाषी में जारी करना अनिवार्य है?
(a) धारा 3(3)
(b) धारा 5(5)
(c) धारा 7(7)
(d) धारा 8(8)
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q85.** राजभाषा हिंदी की दृष्टि से भारत को कितने क्षेत्रों में बांटा गया है?
(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q86.** विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 10 जनवरी
(b) 15 जनवरी
(c) 14 सितंबर
(d) 10 सितंबर
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q87.** संविधान के 92वें संशोधन अधिनियम (2003) द्वारा कितनी भाषाओं को भारतीय भाषाओं में सम्मिलित किया गया?
(a) दो
(b) तीन
(c) चार
(d) पाँच
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q88.** संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित में से कौन सी भाषा सम्मिलित नहीं है?
(a) तेलुगु
(b) कोंकणी
(c) अंग्रेजी
(d) डोगरी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q89.** राजभाषा हिंदी के संदर्भ में, 'उड़ीसा' किस क्षेत्र में आता है?
(a) 'क' क्षेत्र
(b) 'ख' खेत्र
(c) 'ग' क्षेत्र
(d) 'घ' क्षेत्र
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q90.** राजभाषा हिंदी के संदर्भ में, 'ख' क्षेत्र में कौन-कौन से राज्य आते हैं?
(a) राजस्थान, बिहार
(b) गुजरात, महाराष्ट्र
(c) आंध्रप्रदेश, कर्णाटक
(d) मिजोरम, नागालैंड
(e) इनमें से कोई नहीं

**Direction (91-95) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी का वाक्य दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस हिंदी वाक्य के चार अंग्रेजी अनुवाद दिए हैं जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में चयनित करना है अगर कोई भी अनुवाद सही नहीं है, तो उत्तर के रूप में (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' का चयन करें।**

**Q91.** इस प्रयोजन के लिए, महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं के साथ तालमेल होना चाहिए।
(a) For this purpose, there should be convergence with various on going schemes for development of women and children.
(b) For this occasion, there should be conclusion with various ongoing schemes for development of women and children.
(c) For this purpose these should be interference with various ongoing schemes for development of women and children.
(d) For this occasion, there should be convergence with various ongoing schemes for development of women and children.
(e) None of these

**Q92.** पर्यावरण का ह्रास सभी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में एक मुख्य मुद्दा है।
(a) Environmental decay is a major issue at all the national and global fora.
(b) Environment decay is major issue at all the national and global fora.
(c) Environmental decay are a major issue at the national and global fora.
(d) Environmental decay is a major issues at all the national and the global era.
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q93.** एड्स विषाणु द्वारा उत्पन्न एक भयानक रोग है।
(a) AIDS is a dead disease that is produced by a virus.
(b) AIDS is a deadly disease that are produced with a virus.
(c) AIDS is a deadly disease that is produce for a virus.
(d) AIDS is a deadly disease that is produced by a virus.
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q94.** भारत का उच्चतम न्यायालय भारत का शीर्ष न्यायिक प्राधिकरण है।
(a) India's Supreme Court has India's top judicial authority.
(b) India's Supreme Court is India's top judicial authority.
(c) India's Supreme Court have Indian top judicial authority.
(d) India's Supreme Courts were India's top judicial authority.
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q95.** भारत का शांति और देशों के शांतिमय सह-अस्तित्व में विश्वास है।
(a) India believed in peace and peaceful co-existence of nations.
(b) India believes in peace and peaceful co-existence of nations.
(c) India believing in peace and peaceful co-existence of nation.
(d) India believe in peace and peaceful existence of nations.
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q96.**किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही है?
(a) DRAFT- मसौदा
(b) APPROVAL-प्रसतुत
(c) PUT UP- अनुमोदन
(d) FAIR LETTER- सूचना
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q97.** किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही है?
(a) ACTION-कार्रवाई
(b) ORDER- टिप्पणी
(c) NOTE-पृष्ट
(d) PROPOSAL-विचारधीन पत्र
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q98.** 'CEASE FIRE' के लिए हिन्दी शब्द है-
(a) गोली चलाना
(b) युद्ध विराम
(c) युद्धारम्भ
(d) युद्धकालीन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q99.** 'ARREARS' के लिए सही पारिभाषक शब्द है-
(a) बकाया
(b)देय
(c) प्रदत्त
(d) वेतन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q100.** 'ADMINISTRATION' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है-
(a) प्रशासन
(b) प्रशासनिक
(c) शासकीय
(d) प्रशासकीय
(e) इनमें से कोई नहीं

## SOLUTIONS

**S1. Ans.(c)**
**Sol.**प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, देश में हुए व्यक्तिगत स्वच्छता सुधार के कारण कैंसर को दूर करने में सहायता मिलेगी।

**S2. Ans.(b)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, कैंसर की रोकथाम और नियंत्रण पर प्रयासों का मार्गदर्शन करने हेतु कैंसर अनुसंधान को बेहतर करने की आवश्यकता है।

**S3. Ans.(a)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, कैंसर से पीड़ित व्यक्ति मृत्यु से पहले अत्यंत गंभीर मन:स्थिति से गुजरता है।

**S4. Ans.(c)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, अगले एक दशक तक भारत कैंसर से होने वाली मृत्यु को एक-तिहाई कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**S5. Ans.(b)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, पिछले दो दशकों में, कैंसर से होने वाली मौतों में दो गुना वृद्धि हुई है।

**S6. Ans.(c)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, कैंसर के सामाजिक कलंक बन जाने के कारण मरीज इस बीमारी को लोगों से छुपाते हैं।

**S7. Ans.(b)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, महिलाओं में पित्ताशय का कैंसर होना सामान्य है।

**S8. Ans.(c)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, विकल्प (c) सही उत्तर है।

**S9. Ans.(d)**
**Sol.** विकल्प (d) में दिया गया कथन असत्य है इसलिए यही उत्तर भी है, सही कथन है- कैंसर में असामान्य कोशिका वृद्धि होती है।

**S10. Ans.(c)**
**Sol.** विकल्प (c) सही उत्तर है।

**S11. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ क्रमशः 'लकड़ियां' एवं 'औषधि' का प्रयोग उचित है।

**S12. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ क्रमशः 'अनगिनत' एवं 'प्रयुक्त' का प्रयोग उचित है।

**S13. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'सामान्य' एवं 'जनजीवन' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S14. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'अनिवार्य' एवं 'अखंडता' का प्रयोग उचित है।

**S15. Ans.(b)**
**Sol.**यहाँ क्रमश: 'अधिकार' एवं 'महत्वपूर्ण' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S16. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'हालात की गंभीरता से' के स्थान पर 'हालात की गंभीरता को' देखते हुए का प्रयोग उचित है।

**S17. Ans.(d)**
**Sol.** यह वाक्य त्रुटिरहित है।

**S18. Ans.(e)**
**Sol.** यहाँ 'इसलिए भारत के लिए उन्हें' के स्थान पर 'इसलिए भारत में उन्हें' का प्रयोग उचित है।

**S19. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'समय रहते ऐसे कदम उठाया जाने चाहिए' के स्थान पर 'समय रहते ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए' का प्रयोग उचित है।

**S20. Ans.(c)**
**Sol.** यह वाक्य त्रुटिरहित है।

**S21. Ans.(b)**
**Sol.**सही क्रम है- 'र व य ल'।

**S22. Ans.(c)**
**Sol.** सही क्रम है- 'र व ल य'।

**S23. Ans.(a)**
**Sol.** सही क्रम है- 'व र य ल'।

**S24. Ans.(d)**
**Sol.** सही क्रम है- 'व र य ल'।

**S25. Ans.(b)**
**Sol.** सही क्रम है- 'र व य ल'।

**S26. Ans.(d)**
**Sol.** 'आविर्भाव' का विलोम शब्द 'तिरोभाव' है।

**S27. Ans.(b)**
**Sol.** 'अविवाहित महिला' के लिए उपयुक्त शब्द है – 'अनूढ़ा'।

**S28. Ans.(e)**
**Sol.** अन्धे को दीपक दिखाना' मुहावरे का अर्थ है- 'न समझ को उपदेश देना'।

**S29. Ans.(d)**
**Sol.** 'सर्प', 'मेघ' और 'हरिण', 'सारंग' के अनेकार्थी शब्द हैं।

**S30. Ans.(e)**
**Sol.** 'अंशुमाली' के लिए पर्यायवाची है- सूर्य।

**S31. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'चरित्र' का प्रयोग उचित है।

**S32. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'अध्ययन' का प्रयोग उचित है।

**S33. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'समानता' का प्रयोग उचित है।

**S34. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'सीमिति' का प्रयोग उचित है।

**S35. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'भौगोलिक' का प्रयोग उचित है।

**S36. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'प्राधिकरण' का प्रयोग उचित है।

**S37. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'परिस्थितियों' का प्रयोग उचित है।

**S38. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'प्रभावित' का प्रयोग उचित है।

**S39. Ans.(a)**
**Sol.**यहाँ 'स्थानान्तरित' का प्रयोग उचित है।

**S40. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'कमजोर' का प्रयोग उचित है।

**S41. Ans.(b)**
**Sol.**प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, सरदार वल्लभ भाई पटेल की शिक्षा का प्रमुख स्रोत 'स्वाध्याय' था।

**S42. Ans.(d)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, आजादी के बाद प्रांतीय समितियां सरदार पटेल के पक्ष में थीं।

**S43. Ans.(a)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, सरदार पटेल ने महात्मा गाँधी से प्रेरित होकर स्वतत्रता आन्दोलन में भाग लिया।

**S44. Ans.(c)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, देसी रियासतों को भारत में शामिल करना, सरदार पटेल की प्राथमिकता में था।

**S45. Ans.(b)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, अकाल पड़ने के कारण खेड़ा क्षेत्र के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट मागीं थी।

**S46. Ans.(a)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, जो देश भाषिक रूप से स्वतंत्र न हो उसका चरित्र औपनिवेशिक बन जाता है।

**S47. Ans.(b)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, भारत को हमेशा के लिए गुलाम बनाये रखने के लिए लार्ड मैकाले संस्कृति और भाषा के स्तर पर लोगों को गुलाम बनाने को महत्त्व देता था।

**S48. Ans.(c)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, गाँधीजी ने सम्पूर्ण देश के नागरिकों को भाषा के माध्यम से एक साथ आंदोलित करने का कार्य किया।

**S49. Ans.(d)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, लार्ड मैकाले भारत को पराधीन बनाए रखने के लिए अंग्रेजी को अत्यधिक महत्त्व देता था।

**S50. Ans.(b)**
**Sol.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, ब्रिटिश शासन के विरुद्ध स्वाधीनता संग्राम को आगे बढ़ाने के लिए गाँधी जी ने सम्पूर्ण भारत को एक भाषा की माला में पिरोने की वकालत की थी।

**S51. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ क्रमशः 'स्थिति' एवं 'व्यक्तित्व' का प्रयोग उचित है।

**S52. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ क्रमशः 'नियोजन' एवं 'प्रौढ़' का प्रयोग उचित है।

**S53. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ क्रमशः 'विविधता' एवं 'छिन्न-भिन्न' का प्रयोग उचित है।

**S54. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ क्रमशः 'गर्व' एवं 'समीक्षा' का प्रयोग उचित है।

**S55. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ क्रमशः 'वाणी' एवं 'आधुनिक' का प्रयोग उचित है।

**S56. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'वायु प्रदूषण एक ऐसा स्थिति है जिसमें' के स्थान पर 'वायु प्रदूषण एक ऐसी स्थिति है जिसमें' का प्रयोग उचित है।

**S57. Ans.(c)**
**Sol.** यह वाक्य त्रुटीरहित है।

**S58. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'आत्मनिर्भर सहने की कोशिश की जा रही है' के स्थान पर 'आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है' का प्रयोग उचित है।

**S59. Ans.(b)**
**Sol.** यह वाक्य त्रुटी रहित है।

**S60. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'डॉक्टरों की भारी मात्रा में कमी रहता है' के स्थान पर 'डॉक्टरों की भारी मात्रा में कमी रहती है' का प्रयोग उचित है।

**S61. Ans.(c)**
**Sol.** सही क्रम है- 'व य ल र'।

**S62. Ans.(a)**
**Sol.** सही क्रम है- 'र य व ल'।

**S63. Ans.(d)**
**Sol.** सही क्रम है- 'व य र ल'।

**S64. Ans.(b)**
**Sol.** सही क्रम है- 'र व ल य'।

**S65. Ans.(a)**
**Sol.** सही क्रम है- 'व य ल र'।

**S66. Ans.(d)**
**Sol.** 'औरस' का विलोम शब्द 'दत्तक' है। औरस का अर्थ है- धर्मपत्नी से उत्पन्न पुत्र। दत्तक का अर्थ है- वह संतान जिसे अपनी इच्छा से वारिस बनाने के उद्देश्य से गोद लिया गया हो।

**S67. Ans.(b)**
**Sol.** 'विप्र', सर्प का पर्यायवाची नहीं है। विप्र, ब्राहमण का पर्यायवाची है। सर्प के पर्यायवाची शब्द हैं- साँप, नाग, विषधर, भुजंग, अहि, उरग, काकोदर, फणीश, सारंग, व्याल।

**S68. Ans.(d)**
**Sol.** 'थोथा चना बाजे घना' लोकोक्ति का अर्थ है - 'कम ज्ञान या गुण रखने वाला व्यक्ति बढ़ा चढ़ा कर बातें करता है'।

**S69. Ans.(c)**
**Sol.** 'खाने का इच्छुक', इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'बुभुक्षु' है।

**S70. Ans.(a)**
**Sol.** 'सामिष' का विलोम शब्द 'निरामिष है।

**S71. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'लाभदायक' शब्द का प्रयोग उचित है। क्योंकि ऑक्सीजन सभी जीवो के लिए लाभदायक है न कि हानिकारक, विनाशक या हितेषी है।

**S72. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'अवशोषित' शब्द का प्रयोग उचित है। 'अवशोषण' का अर्थ है- सोखना, अपने में समा लेना या समाहित कर लेना।

**S73. Ans.(c)**
**Sol.** यहाँ 'अर्थव्यवस्था' शब्द का प्रयोग उचित है। क्योंकि वन 'अर्थव्यवस्था' में सहयोग करते हैं न कि राजनीति, धार्मिकता या संप्रभुता में।

**S74. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'जीवनोपयोगी' शब्द का प्रयोग उचित है। जीवनोपयोगी का अर्थ है – जीवन के लिए उपयोगी। जड़ी-बूटियाँ जीवनोपयोगी होती हैं।

**S75. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'समय शब्द का प्रयोग उचित है। क्योंकि जहां अधिक वृक्ष होते हैं, वहाँ समय से वर्षा होती है।

**S76. Ans.(e)**
**Sol.** यहाँ 'विपरीत' शब्द का प्रयोग उचित है। वनों के विनाश का प्रभाव सभी पर विपरीत पड़ता है।

**S77. Ans.(d)**
**Sol.** यहाँ 'परिवेश' शब्द का प्रयोग उचित है।

**S78. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'औषधि' शब्द का प्रयोग उचित है। क्योंकि वनों से हमें औषधि मिलती है न की अभिधा, चेतना या जानकारी। इसलिए यहाँ केवल औषधि शब्द का प्रयोग उचित है।

**S79. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'संवर्धन' शब्द का प्रयोग उचित है। 'संवर्धन' का अर्थ है- अच्छी तरह बढ़ना या बढ़ाना, वृद्धि करना।

**S80. Ans.(a)**
**Sol.** यहाँ 'परिसर' शब्द का प्रयोग उचित है। परिसर का अर्थ है- किसी स्थान, इमारत या भवन आदि के चारों ओर की भूमि।

**S81. Ans.(b)**
**Sol.** प्रथम राजभाषा आयोग (1955) के अध्यक्ष 'बाल गंगाधर खेर' थे।

**S82. Ans.(a)**
**Sol.** संविधान के अनुच्छेद 210 के अंतर्गत विधान मंडल में प्रयोग की जाने वाली भाषा के संबंध में प्रावधान किया गया है।

**S83. Ans.(d)**
**Sol.** संविधान के भाग-17 के चार अध्यायों में कुल 9 अनुच्छेद हैं।

**S84. Ans.(a)**
**Sol.** राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी कागजातों को द्विभाषी में जारी करना अनिवार्य है।

**S85. Ans.(c)**
**Sol.** राजभाषा हिंदी की दृष्टि से भारत को 03 क्षेत्रों में बांटा गया है। 'क' क्षेत्र, 'ख' क्षेत्र, 'ग' क्षेत्र।

**S86. Ans.(a)**
**Sol.** विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है।

**S87. Ans.(c)**
**Sol.** 92वें संशोधन अधिनियम (2003) द्वारा 'मैथिली', 'डोंगरी', 'बोडो' और 'संथाली' चार भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया।

**S88. Ans.(c)**
**Sol.** संविधान की आठवीं अनुसूची में अंग्रेजी सम्मलित नहीं है।

**S89. Ans.(c)**
**Sol.** राजभाषा हिंदी के संदर्भ में, 'उड़ीसा' 'ग' क्षेत्र में आता है।

**S90. Ans.(b)**
**Sol.** राजभाषा हिंदी के संदर्भ में, राजस्थान और बिहार 'क' क्षेत्र में आते हैं। गुजरात और महाराष्ट्र 'ख' क्षेत्र में आते हैं। आंध्रप्रदेश, कर्णाटक, मिजोरम और नागालैंड 'ग' क्षेत्र में आते हैं।

**S91. Ans.(a)**
**S92. Ans.(a)**
**S93. Ans.(d)**
**S94. Ans.(b)**
**S95. Ans.(b)**

**S96. Ans.(a)**
**Sol.** DRAFT- मसौदा विकल्प a में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही है।

**S97. Ans.(a)**
**Sol.** ACTION-कार्रवाई विकल्प a में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही है।

**S98. Ans.(b)**
**Sol.** 'CEASE FIRE' के लिए हिन्दी शब्द है- युद्ध विराम

**S99. Ans.(a)**
**Sol.** 'ARREARS' के लिए सही पारिभाषक शब्द है- बकाया

**S100. Ans.(a)**
**Sol.** 'ADMINISTRATION' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है- प्रशासन